Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department : Faculty of Commerce

Farewell & Freshers Party

29.02.2024

श्री अरविन्द महिला कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्रो० इसरार हसन खानकी सेवानिवृ ति के अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा विदाई -सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रो खान लगभग 39 वर्षों तक विभिन्न कॉलेजों, जिसमें 12 वर्षों तक श्री अरविन्द महिला कॉलेज में अपनी सेवा दिये है। इस बीच कुलसचिव , निदेशक, प्रमोशन सेल में भी विश्वविद्यालय में भी उन्होंने सेवा दी। प्रो० इसरार हसन खान को सेवानिवृति के उपरांत मौलाना मजरू ल हक़ अरबी-फारसी विश्वविद्यालय में लोकपाल का दायित्व मिला है। सेवा के इस नए सफर को शुरू करने के लिए कॉलेज के सभीशिक्षक एवं छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएँ दी। इस अवसर महाविद्यालय. के प्राचार्य प्रो० ललन कुमार ने उन्हें शुभकामनायें दी । इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षक प्रो० खान के साथ बिताये गये पलों को याद कर भावुक हो गये। साथ ही प्रो० खानएवं उनकी पत्नी को सम्मानित किया गया और उनसे अभिवावक के रूप में बार-बार महाविद्यालय आकर मार्गदर्शन करने की गुजारिश की गयी । वाणिज्य विभाग के शिक्षक डा संजय अग्रवाल ने भावुक पल में विभाग में उनके साथ बिताये पलों को याद किया।

साथ ही नई छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का भी आयोजन कॉमर्स डिपार्टमेंट द्वारा किया गया । छात्राओं ने इस अवसर पर रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब को रोमांचित कर दिया । मिस फ्रेशर्स ऐश्वर्या शर्मा,फर्स्ट रनर-अप अंजली रानी और सेकंड रनर-अप प्रिया सिंह को चुना गया। इस अवसर बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र एक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

.

DEPARTMENT OF COMMERCE
Sri Arvind Mahila College
Patliputra University

DEPARTMENT OF COMMERCE
Sri Arvind Mahila College
Patliputra University

ऐश्वर्या के सिर सजा मिस फ्रेशर का ताज

पटना. अरविंद महिला कॉलेज में बीकॉम विभाग की छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया. विभाग से गुरुवार के सेवानिवृत्त हुए एचओडी प्रो इसरार हसन खान ने कहा कि आप सभी इस कॉलेज का हिस्सा हैं. मौके पर सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. मिस फ्रेशर्स के लिए छात्राओं ने रैंप वॉक, टैलेंट राउंड और सवाल-जवाब राउंड में भाग लिया. मिस फ्रेशर्स का ताज ऐश्वर्या शर्मा के सिर सजा जबकि फर्स्ट रनर अप अंजली रानी और सेकेंड रनर-अप प्रिया सिंह रहीं. आखिर में सभी ने डीजे की धुन पर डांस किया.

श्री अरविंद महिला कॉलेज : बीकॉम विभाग में फ्रेशर्स पार्टी

ऐश्वर्या शर्मा के सिर सजा मिस फ्रेशर्स का ताज अंजली रानी फर्स्ट, प्रिया सिंह सेकेंड रनर अप

t.me/PatliputraUniversityPPU

कॉलेज लाइफ हम सभी की जिंदगी का महत्वपूर्ण वक्त है। यहां आप न सिर्फ सीखते हैं, बल्कि खुद को तैयार करते हैं। जितना समय पढ़ाई को देते हैं, उतना ही मस्ती और खुद को दें। ये बातें गुरुवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज में बीकॉम विभाग की छात्राओं के लिए आयोजित फ्रेशर्स पार्टी में कही गईं। छात्राओं ने हिंदी गीतों पर डांस किया। करीब दो बजे तक चले इस प्रोग्राम में छात्राओं ने पारंपरिक परिधान पहने थे। मिस फ्रेशर्स के लिए छात्राओं ने रैंप वॉक, टैलेंट राउंड और सवाल-जवाब राउंड में भाग लिया। मिस फ्रेशर्स का ताज ऐश्वर्या शर्मा के सिर सजा। फर्स्ट रनरअप अंजली रानी और सेकेंड रनर अप प्रिया सिंह रहीं। आखिर में सभी ने डीजे की धुन पर डांस किया।

फ्रेशर्स पार्टी की मस्ती

प्रो. इसरार हसन खान को विदाई : उधर वाणिज्य विभाग के प्रो. इसरार हसन खान के सेवानिवृत्त होने पर विभाग की ओर से विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रो. खान ने 12 साल तक अपनी सेवा दी है।